हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 17 मई 2025

तापमान
अधिकतम 44.8 डिग्री
न्यूनतम 23.5 डिग्री

12 प्रो. मोंगा ने न्यू एजुकेशन पॉलिसी पर दिया लेक्चर




12 प्रीत नगर में गंदे पानी की निकासी नहीं होने से परेशानी



## खबर संक्षेप

### कुवि ने घोषित किए 11 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 11 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसंबर 2024 में बी.एस.सी. (ऑनर्स) गणित 5वां सेमेस्टर, बी.वोक फैशन टेक 5वां सेमेस्टर, एम.एस.सी. इंजीनियरिंग भौतिकी 6वां सेमेस्टर (फ्रेश), एम.एस.सी. इंजीनियरिंग भौतिकी 7वां सेमेस्टर (फ्रेश), एम.एफ.ए. प्रथम सेमेस्टर (फ्रेश री-अपीयर), बी.एफ.ए. तृतीय सेमेस्टर एनईपी, एम.ए. (मनोविज्ञान) प्रथम सेमेस्टर (एनईपी), एम.एस.सी. (भूगोल) तीसरा सेमेस्टर, बीएफएडी पहला सेमेस्टर, बीएफएडी पांचवां सेमेस्टर, तथा पीजी डिप्लोमा इन गाइडेंस, काउंसलिंग एंड साइकोथेरेपी पहला सेमेस्टर के परिणाम घोषित किए गए हैं।

### प्रो. ढींगरा डीन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग बने

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार यूआईईटी संस्थान



के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा 17 मई, 2025 से अगले आदेशों तक डीन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के रूप में कार्य करते रहेंगे। यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी। प्रो. सुनील ढींगरा ने कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा का आभार प्रकट करते हुए पूरी निष्ठा के सा

### दुराचार के दो आरोपी किशोरों पर जुर्माना

**पानीपत।** जस्टिस बोर्ड के प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट पुनित लिंबा ने बताया कि पुलिस चौकी कृष्णपुरा, थाना सेक्टर 29 के अन्तर्गत वर्ष 2023 में पार्क में छठी कक्षा की छात्रा के साथ तीन लड़कों ने दुराचार किया। इनमें से दो नाबालिग हैं। लिंबा ने बताया कि दोनों किशोर लडक़ों को किशोर न्याय बोर्ड पानीपत ने दोषी करार दिया और 6 महिने के प्रोबेशन पर 50 हजार के प्रोबेशन बांड पर छोड़ा गया है। साथ ही तीन लाख रूपये की राशि पीड़िता के खाते में एफडी के रूप में जमा करवाने के लिए सरकार को आदेश दिए हैं। यह राशि पीड़िता को 18 वर्ष पूर्ण होने पर मिल सकेगी।

### मारपीट में दोनों पक्षों से चार लोग हुए घायल

**पानीपत।** पानीपत के गांव कुराड़ में दो पक्षों के बीच झगड़ा होने से एक पक्ष की मंजू पत्नी सत्यनारायण, बाला पत्नी सुरेश व सोनिया पत्नी विनोद घायल हो गए। जबकि दूसरे पक्ष से काला उर्फ नेता घायल हुआ है। घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। इधर, थाना सनौली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मारपीट के मामले की शिकायत नहीं मिली। शिकायत मिलने पर दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

विवाहिता की मौत के मामले में आरोपियों पर अभी तक कार्रवाई नहीं

# मृतका के परिजन भड़के, एसडीएम ऑफिस के बाहर किया धरना-प्रदर्शन

### परिजनों ने की एसआईटी का गठन करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

- मोहड़ा गांव में नवविवाहिता की हो गई थी संदिग्ध मौत

मोहड़ा गांव में 24 वर्षीय नवविवाहिता की मौत के मामले में परिजन इंसाफ के लिए भटक रहे हैं। गुस्साए परिजनों ने शुक्रवार को अंबाला कैंट एसडीएम कार्यालय के बाहर रोष जताया और धरना दिया।

वह काफी समय एसडीएम परिसर में ही बैठे रहे। इस दौरान परिजनों ने एसआईटी के गठन की मांग की गई है। दरअसल पुलिस ने अभी तक इस मामले में पति मोहित और सास को काबू किया है। परिजनों की मांग है कि ससुर को भी गिरफ्तार किया जाए। जिसके लिए वह कई बार मांग कर चुके हैं। बता दें कि मोहड़ा गांव में 24 वर्षीय नवविवाहिता कर्मजीत कौर की 10 अप्रैल संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतका के गले पर निशान भी मिले। उस समय मायके पक्ष ने पति पर ही नवविवाहिता की गला दबाकर हत्या करने के आरोप लगाए थे। बताया था कि एक साल पहले फरवरी 2024 में कर्मजीत कौर की मोहड़ा में मोहित के साथ शादी हुई थी।



अंबाला। एसडीएम आफिस के बाहर प्रदर्शन करते रोषित परिजन।

#### ससुराल पक्ष पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

शादी के बाद से ससुराल वाले दहेज में कार न देने पर प्रताड़ित कर रहे थे। कर्मजीत को आदेश अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। सूचना पाकर पड़ाव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और अंबाला छावनी नागरिक अस्पताल में फॉरेंसिक एक्सपर्ट डॉक्टर से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पड़ाव थाना पुलिस ने पति मोहित सहित सास और ससुर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। मां कांता ने बताया कि उसकी बेटी की शादी 6 फरवरी 2024 को मोहड़ा के मोहित के साथ हुई थी।

बेटी कर्मजीत कौर ने एमए तक पढ़ाई की हुई थी। पति मोहित दिल्ली में पीएचडी की पढ़ाई कर रहा है। आरोप लगाते हुए कहा कि ससुराल पक्ष वाले दहेज में कार देने को लेकर बार-बार ताने दे रहे थे।

#### » ससुर को गिरफ्तार करें

एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे परिजनों ने कहा कि पुलिस को ससुर को भी गिरफ्तार करना चाहिए। जब तक गिरफ्तारी नहीं होगी हमें न्याय नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि अंबाला पुलिस पर हमें पूरा भरोसा है कि पुलिस सही कार्रवाई करेगी।

# बाइक सवार दो युवकों ने दागी आईलेट सेंटर पर 14 गोलियां

- गोली लगने से कोई जानी नुकसान नहीं, सेंटर के शीशे व सिलिंग टूट कर बिखरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

कस्बा व्यासपुर में बाइक पर आए दो युवकों ने आईलेट सेंटर पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी। गनीमत रही कि गोली लगने से कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। सेंटर के शीशे व सिलिंग टूट कर बिखर गई। हादसे के समय सेंटर पर रिसेप्शन पर एक लड़की व कुछ कर्मचारी मौजूद थे। सेंटर संचालक कुछ देर पहले ही किसी काम से सेंटर से बाहर गया था। जांच के दौरान पुलिस को मौके से गोलियों के 14 खोल बरामद हुए हैं। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार वीरवार शाम को एक बाइक पर दो नकाबपोश हमलावर व्यासपुर स्थित पावर हाउस के सामने स्थित फ्लाइंट कलर्स आईलेट सेंटर के सामने आकर रूके। इस दौरान एक हमलावर बाइक पर ही बैठा रहा जबकि दूसरा हाथ में गन लेकर सेंटर के अंदर घुस गया। उसने सेंटर में रिसेप्शन पर बैठी लड़की व एक अन्य कर्मचारी को धमकाते हुए शीशे व सिलिंग पर गोलियां दागनी शुरू कर दी। जिससे कर्मचारी बुरी तरह से सहम गए। थोड़ी देर बाद हमलावर उसकी बाइक पर सवार होकर साढौरा की ओर फरार हो गए। बाद में कर्मचारियों ने हमले की सूचना पुलिस व सेंटर के मालिक को दी। सूचना पर डीएसपी व्यासपुर हरविंद्र सिंह, एसएचओ कुलदीप सिंह, एएसआई जगदीप मोर, एएसआई अशोक कुमार व एएसआई मनीष कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए।

#### क्या कहते हैं डीएसपी

डीएसपी हरविंद्र सिंह ने कहा कि सीसीटीवी फूटेज को कब्जे में ले लिया गया है। आरोपियों की पहचान हर शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

#### पुलिस ने मौके से गोलियों के 14 खोल बरामद किए

पुलिस टीम को मौके से गोलियों के 14 खोल बरामद हुए। सीन आफ क्राइम की टीम ने भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# युवक ने शादी करने का झांसा देकर किशोरी को किया अगवा, केस दर्ज

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक शादी का झांसा देकर किशोरी को अगवा करके ले गया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 14 वर्षीय लड़की 13 मई की रात को खाना खाकर अपने कमरे में जाकर सो गई थी। मगर सुबह उसकी लड़की घर से गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच करने पर उसे मालूम हुआ कि उसकी लड़की को गांव अमादलपुर निवासी गुलशेर शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

#### घर में घुसकर महिला के साथ हाथापाई

सत्संग ब्यास कॉलोनी बिलासपुर निवासी रोशनी देवी ने बताया कि पांच मई को दोपहर दो बजे वह घर काम कर रही थी। इस दौरान आर्या पैट्रोल पंर रानीपुर निवासी हीरा लाल घर पर आया। आरोपी ने उसके साथ बहस शुरू कर दी। जिसके बाद आरोपी ने उसके साथ हाथापाई की और उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# महर्षि कश्यप समारोह में सीएम सैनी होंगे मुख्यातिथि

- लाडवा अनाज मंडी में 23 मई को होने वाला महर्षि कश्यप समारोह होगा ऐतिहासिक : रामकुमार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

इंद्री विधायक राम कुमार कश्यप ने कहा कि लाडवा अनाज मंडी में 23 मई को होने वाला राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप समारोह ऐतिहासिक होगा। इस समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यतिथि के रूप शिरकत करेंगे।

इस समारोह को सफल बनाने के लिए प्रदेश के लोगों में भारी उत्साह है। विधायक राम कुमार कश्यप महर्षि कश्यप जयंती समारोह के लिए समाज के लोगों की डयूटियां लगाने के बाद पिपली विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने समाज के लोगों से इस बारे विशेष रूप से विचार विमर्श कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में भीड़ जुटाने का आवाह्नन किया। उन्होंने प्रदेश भर से आए लोगों से न केवल समारोह में पहुंचने के लिए फीड़ बैक लिया बल्कि समारोह में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को लाने के लिए डयूटियां लगाई। उन्होंने कहा कि इस समारोह मे कश्यप समाज की कुछ मुख्य मांगों को भी मुख्यमंत्री के सामने रखकर पूरा करवाने की मांग की जाएगी। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि कश्यप जयंती समारोह का संदेश प्रदेश के हर कोने तक पहुंचे।



कुरुक्षेत्र। पिपली विश्राम गृह में कश्यप समाज के लोग विधायक रामकुमार कश्यप को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करते।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष समय सिंह, वीरभान आर्य, अधिवक्ता रामकुमार कश्यप, जगदीश कश्यप, सुरेंद्र माजरी, परमजीत कौर कश्यप, राजकुमार कलानौर, सुरेंद्र त्यौड़ा, रणबीर सिंह, रेनु कश्यप, रणबीर जोगी माजरा, रामलाल सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

# कर्मचारियों की 20 को होने वाली आम हड़ताल स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारायणगढ़

- पहलगाम हत्याकांड की वजह से भारत-पाक के बीच बने तनाव की वजह से स्थगित की गई हड़ताल

पहलगाम बर्बर हत्याकांड के बाद भारत व पाकिस्तान के बीच बनी गंभीर स्थितियों के मध्यनजर 20 मई को होने वाली मजदूरों व कर्मचारियों की राष्ट्रीय आम हड़ताल स्थगित कर दी गई है। अब यह हड़ताल 9 जुलाई को होगी। इसका फैसला भी केंद्रीय ट्रेड यूनियंस व कर्मचारी संघो की 15 मई को देर सांय हुई बैठक में लिया गया। सीटू जिला सचिव सतीश सेठी ने कहा कि देश जब गंभीर स्थिति का सामना कर रहा है, तब भी केंद्र की मोदी सरकार अपने पूंजीपति मित्रो की तिजोरियां भरने के लिए लैबर कोड को लागू करने, काम के घंटे बढ़ाने और ट्रेड यूनियन अधिकारों पर अंकुश लगाने के लिए आक्रमक तरीके से दवाब बना रही है। इस पर सीटू ने भी अपनी कमर कस्ते होते स्पष्ट एलान कर दिया है कि मजदूरों व कर्मचारियों को गुलाम बनाने वाले इन चारों लेबर कोड को किसी भी सूरत में लागू होने नहीं दिया जाएगा। क्योंकि इन लेबर कोड के लागू होने से सालों से काम कर रहे आशा, मिड डे मील, आंगनवाड़ी, क्रेच वर्कर्स ग्रामीण व शहरी सफाई कर्मियों, चौकीदारों वं वन मजदूरों सहित सभी कच्चे कर्मचारियों की पक्की नौकरी व न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए की मांग बेमानी हो जाएगी। सेठी ने कहा कि लेबर कोड में पक्की नौकरी की बजाए फिक्स टर्म बेस पर नियुक्ति का प्रावधान किया गया है। इसलिए ठेका प्रथा खत्म होने की बजाए और मजबूत होगी।उन्होंने कहा कि जिला में 9 जुलाई 2025 को होने वाली हड़ताल की तैयारियां पहले से लगातार जारी है।

# बाइक सवार युवकों ने महिला के गले से झपटी सोने की चेन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

शहर की प्रोफेसर कॉलोनी निवासी राणा चौक के पास बाइक सवार युवकों ने महिला के गले से सोने की चेन झपट ली। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार प्रोफेसर कॉलोनी निवासी ईशा मेहता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शाम साढ़े पांच बजे कॉलोनी में किसी काम से जा रही थी। जब वह राणा चौक के पास पहुंची तो बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। जब तक वह कुछ समझा पाती आरोपी युवकों ने उसके गले से सोने की चने झपट ली और मौके से भाग गए। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आरोपियों का पीछा कर उसे पकड़ने का प्रयास किया लेकिन आरोपी भागने में कामयाब हो गए। उसने बताया कि उसकी चेन की कीमत करीब एक लाख रुपये है। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# पंचायत समितियों के उप चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए : नेहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ थानेसर



जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव 2025 को सुचारू रुप से संपन्न करवाने के लिए पंचायत समितियों के लिए रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) व सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) नियुक्त किये गए हैं।

उन्होंने कहा कि पंचायत समिति थानेसर में उप मंडल अधिकारी नागरिक थानेसर को रिटर्निंग अधिकारी और खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी थानेसर को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। पंचायत समिति पिहोवा में उप मंडल अधिकारी नागरिक पिहोवा को रिटर्निंग अधिकारी और तहसीलदार पिहोवा को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। पंचायत समिति इस्माइलाबाद में उप मंडल अधिकारी नागरिक शाहाबाद को रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) और खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी इस्माइलाबाद को सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) नियुक्त किया गया है। पंचायत समिति बाबैन में हरियाणा रोडवेज कुरुक्षेत्र महाप्रबंधक को रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) और खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी बाबैन को सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) नियुक्त किया गया है। पंचायत समिति लाडवा में उप मंडल अधिकारी नागरिक लाडवा को रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) और खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी लाडवा को सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) नियुक्त किया गया है। पंचायत समिति पिपली में जिला नगर आयुक्त कुरुक्षेत्र को रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) और खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी पिपली को सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) नियुक्त किया गया है।

राजकीय महिला महाविद्यालय शहजादपुर में दीक्षांत समारोह संपन्न

# समारोह में 104 छात्राओं को प्रदान की डिग्रियां

- छात्राओं ने डिग्रियां मिलने के बाद जमकर मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ शहजादपुर

राजकीय महिला महाविद्यालय में तीसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की कुल 104 छात्राओं को उनकी डिग्रियां प्रदान की गईं।

बीकॉम वोकेशनल की तनुजा को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए कॉलेज कलर चुना गया तथा 1100 रूपये के नकद पुरस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में जेसी बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी फरीदाबाद के उपकुलपति प्रो. एसके. तोमर और विशिष्ट अतिथि के रूप में एमिटी यूनिवर्सिटी, मोहाली के रजिस्ट्रार डॉ. दिलीप कुमार ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि तोमर ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्हें अपनी अंतर्निहित प्रतिभा को निखारने तथा समाज के लिए उपयोगी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास और समर्पण के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. दिलीप कुमार ने इस पल को छात्राओं के जीवन का एक महत्त्वपूर्ण पल बताते हुए इसे भावी जीवन की सफलता की आधारशीला बताया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. उमेश भारती ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और अन्य आमंत्रित अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।




शहजादपुर। उपकुलपति प्रो. एसके.तोमर छात्राओं को डिग्री प्रदान करते हुए।

#### ये रहे मौजूद

इस समारोह में राजकीय महिला महाविद्यालय अम्बाला शहर की प्राचार्या डॉ. खुशीला, राजकीय महाविद्यालय, अंबाला कैंट के प्राचार्य डॉ. देशराज बाजवा और राजीव गांधी महाविद्यालय, साहा की प्राचार्य डॉ. रेनु ऋषि भी उपस्थित रहे।

### नकली शराब फैक्टरी के मामले में दो काबू

**अंबाला।** शहजादपुर में नकली शराब फैक्टरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। अब पुलिस पकड़े गए आरोपियों से रिमांड के जरिए पूछताछ कर रही है। इस मामले में अब तक पुलिस मुख्य आरोपी समेत नौ आरोपियों को पकड़ चुकी है। अब पकड़े गए आरोपियों में अजीत पाल सिंह निवासी जोगीपुर पटियाला व पटियाला के गांव बांखरके रहने वाले मनिंद्र शामिल है। आरोपी मुख्य आरोपी बिट्टु से भारी मात्रा में अवैध नकली शराब लेकर पटियाला के आसपास के गांवों में बेचते थे। इस मामले में मनिंद्र भी शामिल है। पुलिस ने आरोपी मनिंद्र को भी तीन दिन के रिमांड पर लिया है। बता दें कि कुछ रोज पहले ही पुलिस ने शहजादपुर में नकली शराब बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़ किया था। फैक्टरी से पुलिस ने भारी मात्रा में नकली शराब भी जब्त की थी।

# तेजधार हथियार से हमला कर युवक की हत्या, केस दर्ज

- साढौरा के गांव असगरपुर के पास पड़ा मिला मृतक का शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

गांव असगरपुर के पास अज्ञात हमलावरों ने तेजधार हथियारों से हमला कर गांव बकाला निवासी 29 वर्षीय प्रिंस की हत्या कर दी। प्रिंस कालाआम सरिया बनाने की फैक्ट्री में काम करता था। रात को वह फैक्ट्री से घर लौट रहा था। जब प्रिंस घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसके मोबाइल पर फोन किया।

फोन पुलिस कर्मी ने उठाया। जिससे परिजनों को उसकी हत्या का पता चला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनो को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर लिया। गांव बकाला निवासी मलकीत सिंह ने बताया कि उसका लड़का प्रिंस कालाआम सरिया बनाने की फैक्ट्री में मशीन ओपरेटर के पद पर नौकरी करता था। वह प्रतिदिन फैक्ट्री से छुट्टी कर रात को सात बजे तक बजे तक घर आ जाता था। मगर देर शाम तक वह घर नहीं लौटा तो उन्होंने प्रिंस के मोबाइल पर फोन किया।

#### पुलिस कर्मी से फोन पर मिली हत्या की सूचना

इस दौरान पुलिस कर्मी ने फोन उठाया। जिस पर पुलिस कर्मी ने प्रिंस की हत्या की सूचना दी। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे। प्रिंस पर तेजधार हथियार से हमला किया हुआ था। उसका चेहरा भी बूरी तरह से कुचला हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर लिया।

## खबर संक्षेप



### खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट पर हुआ सेमिनार

**करनाल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई द्वारा बाबू मूल चंद जैन राजकीय आईटीआई के सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट जागरूकता विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों व कर्मचारियों को खाद्य सुरक्षा पोषण के प्रति जागरूक करना तथा खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देना था। इस सेमिनार में डॉ. मानसी प्रसिद्ध प्राकृतिक चिकित्सक एवं आयुर्वेदिक पोषण विशेषज्ञ को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। डॉ. मानसी ने छात्रों को खाद्य पदार्थों में मिलावट के बढ़ते मामलों सामान्य रूप से उपयोग में आने वाले पदार्थों में होने वाली मिलावट, इस के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव और घर पर सरल तरीकों से मिलावट की पहचान करने की विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### स्कूल सुरक्षित वाहन पॉलिसी को करें लागू

**करनाल।** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मीना कुमारी एवं मांगेराम तथा बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उमेश कुमार द्वारा सुरक्षित वाहन नीति, स्कूल बैग नीति एवं प्राइवेट प्ले स्कूलों के लिए हरियाणा सरकार की गाइडलाइंस के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, फायर विभाग के अधिकारीगण एवं आरटीओ विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### आंगनवाड़ी केंद्र में गोद भराई कार्यक्रम हुआ

**करनाल।** सालवन गांव के आंगनवाड़ी केंद्र में गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पांच गर्भवती महिलाओं ने प्रमुख तौर पर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इनमें मानसी, अर्चना, तनु, सुमन व प्रीति शामिल रहीं। पोषण अभियान के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों में गोद भराई और कुआं पूजन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर एडब्लयूडब्लयू रूपवती ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को पोषण अभियान के तहत सम्मानित किया गया। कन्या भ्रूण हत्या को लेकर महिलाओं को जागरूक करने का काम समय-समय पर

### तरावड़ी में विश्व डेंगू दिवस मनाया

**तरावड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तरावडी में विश्व डेंगू दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ. कैलाश गर्ग वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरावड़ी ने की। डॉ चाँद सिंह आयुष अधिकारी, संजय हेल्थ इंस्पेक्टर, श्रीमती तम्मना काउंसलर, पंकज स्वास्थ्य वर्कर,अमित कुमार ओ.टी.ए. इन सभी के द्वारा टीम बनाकर विश्व डेंगू दिवस के बारे मे विस्तार से वर्णन किया गया। डॉ चाँद सिंह आयुष अधिकारी ने डेंगू बुख़ार जानकारी दी।

## केस निष्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि, न्याय प्रक्रिया को मिली गति

# एफएसएल हरियाणा का हुआ डिजिटल और वैज्ञानिक कायाकल्प : डीजीपी

- डीजीपी हरियाणा ने लॉन्च की नई टेम्पर-प्रूफ पैकेजिंग सामग्री, चार मोबाइल फॉरेंसिक वैन का भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा की फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल), जो कभी केवल एक विश्लेषणात्मक संस्था मानी जाती थी, आज वैज्ञानिक न्याय प्रणाली की रीढ़ के रूप में उभर चुकी है। हरियाणा पुलिस की एफएसएल ने पिछले डेढ़ वर्षो में न केवल अत्यधिक वैज्ञानिक उपकरणों की बड़ी संख्या में खरीद की है बल्कि एसएसओ, साइबर फोरेंसिक एक्सपर्ट सहित अन्य सहयोगी स्टाफ की भर्ती करते हुए कार्य व न्याय प्रणाली को नई गति प्रदान की है परिणामस्वरूप लंबित मामलों में प्रभावशाली गिरावट दर्ज की गई है। डीजीपी हरियाणा शत्रुजीत कपूर ने कहा कि ये दोनों पहल हरियाणा पुलिस की वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाने की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। एफएसएल हरियाणा अब केवल एक रिपोर्टिंग एजेंसी नहीं रह गई, बल्कि यह वैज्ञानिक न्याय प्रणाली के हर चरण में निर्णायक भूमिका निभा रही है। उन्होंने एफएसएल टीम को बधाई देते हुए कहा कि अब जांच प्रक्रिया न केवल तेज और निष्पक्ष होगी, बल्कि तकनीकी रूप से इतना प्रमाणिक होगी कि कोर्ट में साक्ष्य को चुनौती देना कठिन होगा।



### सबूतों की सुरक्षा को मिली नई परिभाषा

इसी कार्यक्रम में डीजीपी हरियाणा ने एफएसएल द्वारा विकसित अत्याधुनिक टेम्पर-प्रूफ पैकेजिंग और सीलिंग सामग्री का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह पैकेजिंग इस तरह डिजाइन की गई है कि एक बार सील होने के बाद यदि किसी ने उसके साथ छेड़छाड़ की, तो वह स्पष्ट रूप से पहचानी जा सकेगी। इससे अदालत में प्रस्तुत साक्ष्यों की वैधता को और अधिक मजबूती मिलेगी। टेम्पर-प्रूफ पैकेजिंग न्यायिक प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही का एक नया आयाम जोड़ रही है। यह वैज्ञानिक प्रक्रिया अब यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी साक्ष्य रास्ते में बदला या नष्ट नहीं किया गया है। ऐसे में अपराधियों के दोषमुक्त होने की संभावना में कमी आएगी।

### घटनास्थल पर ही सटीक जांच

मोबाइल फॉरेंसिक वैन से बढ़ी पहुंच और विश्वसनीयता एक महत्वपूर्ण पहल के तहत पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर ने एफएसएल मधुबन परिसर से चार अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने फॉरेंसिक मोबाइल वैन का निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों से इसके बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि इन वैनों को डीएनए सैंपलिंग, फिंगरप्रिंट कैप्चरिंग, डिजिटल डॉक्यूमेंटेशन, कैमरा रिकॉर्डिंग, और प्राथमिक विश्लेषण की सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। ये वैन घटनास्थल पर पहुँचकर वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य एकत्र कर सकेंगी, जिससे परंपरागत देरी और संभावित साक्ष्य क्षरण (**evidence degradation**) की समस्या से छुटकारा मिलेगा। यह पहल ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है, जहां पहले जांच अधिकारियों को विशेषज्ञों के पहुंचने की प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। अब घटनास्थल पर ही वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए जा सकेंगे, जिससे न्यायिक प्रक्रिया की गति और गुणवत्ता दोनों में सुधार होगा।



# अवैध कॉलोनियों पर चला डीटीपी का पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला नगर योजनाकार सतीश कुमार ने बताया कि गत दिवस कस्बा करनाल में 2 अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि एक अवैध कॉलोनी गांव आनंद विहार कॉलोनी के पिछे लगभग 3 एकड़ में पनप रही थी । इस कॉलोनी में सभी कच्ची सडकों व 12 डी.पी.सी., 3 चारदिवारी, 2 निर्माणाधीन मकान के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार दूसरी अवैध कॉलोनी घोघरीपुर रोड पर लगभग 3.5 एकड में पनप रही थी। जिसमें सभी कच्ची सडकें, मैनहॉल एवं सीवर नैटवर्क के विरूद्ध तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान जिला नगर योजनाकार व कार्यालय की टीम, ड्यूटी मजिस्ट्रेट व थाना सदर की पुलिस फोर्स उपस्थित रहे। जिला नगर योजनाकार ने लोगो से अपील की कि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में कोई निर्माण नहीं करें अन्यथा कार्यालय द्वारा तोड़फोड़ की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माणों के विरुद्ध किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी व तोडफोड़ की कार्रवाइ जारी रहेगी तथा दोषियों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज करवाये जायेंगे।

# विधायक ने राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती समारोह का दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप राम कुमार कश्यप ने 23 मई को लाड़वा में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती राज्य स्तरीय समारोह को लेकर इंद्री के गांव सरवन माजरा, बुटानखेड़ी, पंजोखरा व मनकमाजरा का दौरा किया और क्षेत्र के लोगों को महर्षि कश्यप जयंती समारोह में भारी संख्या में पहुंचने का निमंत्रण दिया। विधायक ने बताया कि राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती समारोह लाड़वा में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री के साथ-साथ प्रदेश के अन्य मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही जयंती समारोह में राज्य के सभी जिलों से सर्व समाज के लोग हजारों की संख्या में शामिल होगें। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार द्वारा सभी संत महापुरुषों व धार्मिक गुरुओं की जयंती को राज्य स्तरीय समारोह के रूप में मनाई जाती है। ऐसे समारोहों से हमें अपने पूर्व इतिहास की जानकारी मिलती है और महापुरुषों की जीवनी के बारे में ज्ञान प्राप्त होता है।



इंद्री। राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती समारोह मे पहुंचने का निमंत्रण देते विधायक रामकुमार कश्यप। *फोटो : हरिभूमि*

### प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर रही आधुनिक जीवनशैली

**करनाल।** बदलती जीवनशैली और असंतुलित दिनचर्या का सीधा असर पुरुषों और महिलाओं की प्रजनन क्षमता पर पड़ रहा है। देर से विवाह, पौष्टिक आहार की कमी, मोटापा, शारीरिक गतिविधियों की कमी, नशे की लत, धूम्रपान और अल्कोहल जैसी आदतें महिलाओं और पुरुषों दोनों की प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर रही हैं। यदि के प्रति सचेत नहीं हुए तो भविष्य में बांझपन का खतरा और भी बढ़ सकता है। यह बात शहर के एक निजी होटल में लगे जागरूकता शिविर के दौरान लोगों को जागरूक करते हुए डॉक्टरों की टीम ने कही। आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. पूजा मेहता ने कहा कि खानपान की आदत को सुधार कर बांझपन के खतरे को कम किया जा सकता है।

# आपरेशन सिंदूर की सफलता पर करनाल में निकाली तिंरगा यात्रा, माहौल हुआ तिरंगामय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पहलगाम घटनाक्रम के बाद आपरेशन सिंदूर की अपार सफलता और इस दौरान भारतीय सेना द्वारा दिखाए पराक्रम और शौर्य को लेकर देश भर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी तारतम्य में करनाल में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। समूची शहर में तिरंगा यात्राएं निकाली गई इसके कारण समूचा शहर तिरंगामय हो गया। शहर के अलग अलग भागों मोहल्लों, सैक्टरों से निकाली गई तिरंगा यात्रा राम लीला मैदान पहुंची। इस दौरान आम शहरियों के हाथों में तिरंगा दिखई दिया। शहर के हजारों लोगों ने भारतीय सैना का सम्मान किया। सेना को अपना समर्थन दिया। इस यात्रा में हर बर्ग के लोगों ने भाग लिया। इसमें शहर की तमाम राजनीतिक, सामाजिक धार्मिक संस्थाओं ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा लाइन पार ऐरिया के राम नगर प्रेम नगर शिब कालोनी, पुराना शहर में चांद सराय तथा अन्य एरिया, करनाल के विभिन्न सैक्टरों से तिरंगा यात्रा निकाली गई। समूचे शहर में भारतमाता की जय के उदघोष से गूंज उठा। इस यात्रा में पूर्व सांसद संजय भाटिया विधान सभा स्पीकर हरविंदर कल्याण, विधानसभा मे सचेतक राम कुमार कश्यप, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट वेदपाल विधायक जगमोहन आनंद, योगिंदर राणा, भगवान दास कबीरपंथी,पूर्व मंत्री शशी पाल मैहता, भाजपा के पूर्व कार्यकारी प्रधान ब्रज गुप्ता, प्रभारी भारतभूषण ज्वाल आदि रहे।





तरावड़ी। सरस्वती पब्लिक स्कूल पखाना के मेधावी बच्चे स्टाफ सदस्यों के साथ।

### 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सरस्वती पब्लिक स्कूल पखाना के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**तरावड़ी।** सरस्वती पब्लिक स्कूल पखाना के बच्चों ने परीक्षा में अच्छे अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल में पहुंचने पर बच्चों को स्टाफ सदस्यों व स्कूल प्रबंधन समिति ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। सरस्वती पब्लिक स्कूल पखाना के निर्देशक डा. मुनीष परवेज राणा ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें और ज्यादा अच्छे अंक लेकर नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के 10वीं कक्षा और 12वीं कक्षा के बच्चों का परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन होने पर सभी बच्चों का सम्मान किया गया। स्कूल में 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गुलशन ओर प्रतीक ने 92 प्रतिशत अंक लेकर टॉप किया। इसके अलावा कृतिका ने 91.4 प्रतिशत, प्रत्रिज्ञा ने 90प्रतिशत, नसरीन चौहान व खुशी ने 86.4 प्रतिशत, हर्ष ने 83 प्रतिशत, सार्थक ने 80 प्रतिशत, सतविन्द्र कौर व अकसरा ने 79 प्रतिशत, अंशदीप ने 75 प्रतिशत, महक ने 72 प्रतिशत अंक लिए। सरस्वती पब्लिक स्कूल पखाना के निर्देशक डा. मुनीष परवेज राणा ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए बताया कि सरस्वती पब्लिक स्कूल पखाना का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। उन्होंने कहा कि बच्चों की अथक मेहनत और परिश्रम से स्कूल का नाम ऊंचा हुआ है।

# मंत्री पीयूष गोयल ने गैलेक्सी बासमती चावल के मुनीश गोयल को किया सम्मानित

- मुनीश गोयल अखिल भारतीय चावल निर्यातक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

अखिल भारतीय चावल निर्यातक एसोसिएशन ने गुरूवार को वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक मे चावल निर्यातक एसोसिएशन के 35 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया, और इसमें वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और वाणिज्य मंत्रालय में विशेष सचिव और एपीडा के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल भी उपस्थित थे। बैठक में लगभग 40 सदस्य उपस्थित थे। जिनमें एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश गोयल, श्री जगदंबा, अनिल गुप्ता, रामनिक सिंह सप्लीटेक, मोहित गुप्ता भारत इंडस्ट्रीज तरावड़ी, सुशील जैन वीर ओवरसीज, मुनीश गोयल गोयल इंटरनेशनल - गैलेक्सी राइस तरावड़ी, अनीश सिंगला जानकी दास राइस मिल, चुनीत बंसल जीवी राइस एक्सपोर्ट तरावड़ी ने भाग लिया। इस बैठक मे चावल निर्यातकों द्वारा उठाए गए प्रमुख मुद्दों में से एक निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट (रोडटेप) योजना का कार्यान्वयन था। मंत्री पीयूष गोयल ने प्रतिनिधिमंडल को एक महत्वपूर्ण आश्वासन दिया, जिसमें कहा गया कि (रोडटेप) योजना अगले सप्ताह से शुरू होगी और इसमें पिछली तारीखों से लाभ भी शामिल होंगे। इस सकारात्मक विकास की बाद में विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा भी पुष्टि की गई।



तरावड़ी। उद्योग मंत्री पीयूष गोयल गैलेक्सी बासमती चावल के एमडी मुनीश गोयल को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*



इंद्री। स्कूली बच्चों को विज्ञान के बारे मे जानकारी देते कोऑर्डिनेटर ।

### शहीद उधम सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल मे किया साइंस सेमिनार का आयोजन

इंद्री। शहीद उधम सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल इंद्री में एक साइंस सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में कक्षा 8वीं से 12वीं के बच्चों ने भाग लिया। स्कूल की प्रिंसिपल ज्योति खरबंदा ने बताया कि सोसायटी फॉर क्रिएटिंग ए डिफरेंस एनजीओ के सौजन्य से इस सेमिनार का आयोजन किया गया है। इस सेमिनार में कोऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार, डा विकास, कर्मबीर व अमित ने बच्चों को साइंस के माध्यम से समाज में कैसे बदलाव लाया जा सकता है के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर बच्चों को पढ़ाई को आसान बनाने के विभिन्न प्रकार के तरीके बताएं और विज्ञान मे करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया । इस मौके पर एक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें कई बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सफल रहने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक रमेश कांबोज व कंवरलाल कांबोज सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहें ।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तरावड़ी में विश्व डेंगू दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तरावडी में विश्व डेंगू दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ. कैलाश गर्ग वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरावड़ी ने की। इस अवसर पर डॉ चाँद सिंह आयुष अधिकारी, संजय हेल्थ इंस्पेक्टर, श्रीमती तम्मना काउंसलर, पंकज स्वास्थ्य वर्कर,अमित कुमार ओ.टी.ए. इन सभी के द्वारा टीम बनाकर विश्व डेंगू दिवस के बारे मे विस्तार से वर्णन किया गया। डॉ चाँद सिंह आयुष अधिकारी ने बताया कि डेंगू बुख़ार एक संक्रमण है जो डेंगू वायरस के कारण होता है। डेंगू का इलाज समय पर करना बहुत जरुरी होता हैं। मच्छर डेंगू वायरस को फैलाते हैं। डेंगू बुख़ार को हड्डी तोड़ बुख़ार के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि इससे पीड़ित लोगों को इतना अधिक दर्द हो सकता है कि जैसे उनकी हड्डियां टूट गयी हों। डेंगू बुख़ार के कुछ लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, त्वचा पर चेचक जैसे लाल चकत्ते तथा मांसपेशियों और जोड़ों का दर्द शामिल हैं। संजय हेल्थ इंस्पेक्टर ने बताया कि कुछ लोगों में, डेंगू बुख़ार एक या दो ऐसे रूपों में हो सकता है जो जीवन के लिये खतरा हो सकते हैं। डेंगू रक्तस्रावी बुख़ार है, जिसके कारण रक्तवाहिकाओं , मे रक्तस्राव या रिसाव होता है तथा रक्त प्लेटलेट्स का स्तर कम होता है। दूसरा डेंगू शॉक सिंड्रोम है, जिससे खतरनाक रूप से निम्न रक्तचाप होता है। तम्मना काउंसलर ने बताया कि डेंगू से बचने के लिए लारवा पर नियंत्रण करना होता है या वयस्क मच्छरों की आबादी पर। एडिस मच्छर कृत्रिम जल संग्रह पात्रों मे जनन करते है जैसे टायर, बोतलें, कूलर, गुलदस्ते इन जलपात्रों को अक्सर खाली करना चाहिए।



तरावड़ी। स्कूल मे बच्चों को डेंगू बुखार की रोकथाम के बारे मे जानकारी देते हुए।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम अभियोजन विभाग हरियाणा ने करवाया

# तीन नए आपराधिक कानूनों का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के डॉ एस राधाकृष्णन सम्मेलन कक्ष में 'तीन नये अपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023' विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अभियोजन विभाग हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ अरशिन्दर सिंह चावला, निदेशक, हरियाणा पुलिस अकादमी के निर्देश पर जिला न्यायवादी डा सोहन सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश की विभिन्न इकाइयों से प्रशिक्षण पर आए 23 लोक अभियोजक अधिकारियों ने भाग लिया जिनमें तीन जिला न्यायवादी अधिकारी भी प्रतिभागी रहे। मुख्य अतिथि ने लोक अभियोजन अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस की भांति आप भी अपराधिक न्याय प्रणाली में अंहम सीढी हैं। मुझे मालूम है कि आप किन परिस्थितियों में कार्य करते हैं, आपकी की कार्य करने की शैली आपको दूसरों से अलग बनाती है। आपका व्यवहार कार्यालय में और न्यायालय परिसर में वकिलों के साथ शालीनतापूर्वक होना चाहिए। आपसे यदि कोई भी मिलने आता है तो उसको कभी नजरअंदाज ने करें, उसकी बात को ध्यान से सुने। माननीय न्यायालय के सामने न्याय की गुहार लगाने वाले पीडित का पक्ष रखने में और उसे न्याय दिलवाने में आपकी अहंम भूमिका है। उन्होंने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की ओर संकेत करते हुए कहा कि वैसे तो आप सभी कानून के ज्ञाता हैं, फिर भी हमारा प्रयास रहा है कि आपको नये तीन अपराधिक कानूनों के बारे में अद्यतन जानकरी प्रदान की जाए। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम अपने अनुभव सांझा करने का एक मंच प्रदान करता है। इस माध्यम से कानूनों में आए बदलावों के बारे में और माननीय न्यायालयों द्वारा दिये गये एतिहासिक फैंसलों व समय-समय पर विभाग द्वारा जारी की गई एस.ओ.पी. के बारे में भी अपडेट रहते हैं।



करनाल। हरियाणा पुलिस अकादमी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अकादमी के जिला न्यायवादी डॉ सोहन सिंह।


### सार्वजनिक सूचना

इस कार्यालय में भूपेन्द्र कुमार पुत्र स्व० पूर्ण चन्द निवासी दिल्ली ने कार्यालय नगरपालिका नीलोखेड़ी में प्रार्थना पत्र दिया है स्व० श्री पूर्ण चन्द की मृत्यु दिनांक 27.02.2024 को हो चुकी है यह है कि प्रार्थी की जायदाद प्रोप्टी/आईडी 7M5Y6198 मकान यूनिवर्सिटी रोड नजदीक शान्ति नगर नीलोखेडी प्रोप्टी/आईडी में स्व० श्री पूर्ण चन्द के वारिसान 1 भूपेन्द्र कुमार पुत्र 2 नवीन कुमार अनेजा पुत्र 3 सुनील कुमार पुत्र 4 सुशील कुमार पुत्र हैं उपरोक्त वारिसान अपने नाम आईडी करवाना चाहते हैं। अगर उक्त विषय बारे किसी का कोई भी एतराज है तो वह अपना एतराज मय सबूत लिखित रूप में 30 दिनों के अन्दर-2 कार्यालय नगरपालिका नीलोखेड़ी मे जमा करवा सकते हैं। इस अवधि उपरान्त कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी तथा इस अवधि के उपरान्त प्रार्थी की प्रोप्टी आईडी सबूतों के आधार पर इनके नाम कर दी जाएगी।

हस्ता/-सचिव
नगरपालिका नीलोखेड़ी

## खबर संक्षेप

### आईबी कॉलेज में इंटर्नशिप प्रोग्राम हुआ

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में प्लेसमेंट एंड करियर गाइडेंस इकाई एवं मेधा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में समय-समय पर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास हेतु इंटर्नशिप प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में इंटरेंश इलिट कंपनी द्वारा कॉलेज के विद्यार्थियों को जॉब ऑफर प्रदान किए गए। यह अग्रणी स्टार्टअप कंपनी है,जो युवाओं को इंडस्ट्री में रियल वर्ल्ड एक्सपीरियंस देने के लिए जानी जाती है। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक समिति के महासचिव एलएन मिगलानी, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, प्लेसमेंट सेल की संयोजिका डॉ. अर्पणा गर्ग आदि उपस्थित रही।

### ट्रांसपोर्ट आयुक्त ने बैठक की

**पानीपत।** हरियाणा सरकार के ट्रांसपोर्ट विभाग के आयुक्त एवं सचिव टीएल सत्यप्रकाश ने शुक्रवार को जन संवाद, समाधान शिविर से प्राप्त हुई जन समस्याओं की वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया के साथ समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि हमें नागरिकों की समस्याओं का शत प्रतिशत समाधान करना है। इसमें किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। इस अवसर नगर निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय, जिला परिषद सीईओ डॉ. किरण सिंह, नगराधीश टीनू पोसवाल, सीएमओ डॉ. विजयपाल मलिक, डीएसपी हेडक्वार्टर सतीश वत्स, डीडीए आत्माराम, एसडीओ पशु पालन विभाग डॉ. श्री भगवान आदि उपस्थित रहे।

### सिविल डिफेंस वालंटियर तैयार करेगा प्रशासन

**पानीपत।** पानीपत जिला में छह हजार सिविल डिफेंस वालंटियर जिला प्रशासन तैयार करेगा। इसके लिए उपायुक्त व कंट्रोलर सिविल डिफेंस डॉ. वीरेंद्र दहिया ने लोगों से ऑनलाइन पंजीकरण की अपील करते हुए बताया कि शिविर में पंजीकृत वालंटियरों को राहत, बचाव व अन्य आवश्यक कार्यों का प्रशिक्षण व प्रबंधन करना भी सिखाया जाएगा। सिविल डिफेंस वालंटियर बनना एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सिविल डिफेंस वालंटियर किसी भी विपदा के समय राहत एवं बचाव के कार्यों में निस्वार्थ भाव से अपनी जिम्मेवारी निभाते हैं। उन्होंने बताया कि सिविल डिफेंस में अनुभवी लोगों के साथ-साथ युवाओं की उल्लेखनीय भूमिका रहती है। ऐसे में जिलेवासियों को बढ़-चढक़र इस पुनीत अभियान में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए।

### प्रॉपर्टी आईडी सेल्फ सर्टिफाइड करें

**पानीपत।** नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे निगम कार्यालय की ओर से किया जा रहे फोन के माध्यम से अपने ओटीपी की जानकारी संबंधित प्रतिनिधि को सांझा करें क्योंकि इससे निर्धारित व्यक्तियों की प्रॉपर्टी आईडी सेल्फ सर्टिफाइड हो जाएगी अन्यथा इसके लिए उन्हें कार्यालय में आना पड़ेगा और कार्यालय में आकर उन्हें अपनी प्रॉपर्टी आईडी सेल्फ सर्टिफाइड करवानी होगी। निगम की ओर से कोई कर्मचारी अगर प्रॉपर्टी आईडी के लिए ओटीपी मांगने को लेकर आमजन को फोन करते हैं तो वह एक अधिकृत कर्मचारी द्वारा ही फोन किया जा रहा है इसमें फ्रॉड होने की कोई संभावना नहीं है, क्योंकि केवल प्रॉपर्टी आईडी को लेकर ही ओटीपी मांगी जा रही है।

### ग्राम सचिव लगाएंगे सफाई कर्मियों की हाजरी

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने शुक्रवार को जिला सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में शुक्रवार को सनौली खुर्द के सरपंचों, ग्राम सचिवों के साथ बैठक कर कहा कि जिन गांवों में सफाई कर्मचारी अपनी ड्यूटी ठीक तरह से नहीं निभा रहे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उपायुक्त ने सभी ग्राम सचिवों को आदेश दिए की वो रोजाना सफाई कर्मचारियों की हाजिरी लगाएं व उनके काम का आंकलन करें। जो सफाई कर्मचारी अपने कार्य के प्रति जागरूक नहीं है व ड्यूटी में कोताही बरत रहे हैं उन पर संज्ञान ले और उन्हें बाहर का रास्ता दिखाए।

### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनूठी पहल का शुभारंभ

# सूखे पत्तों से जैविक खाद तैयार कर रहे हैं ग्रीनमैन प्रो.दलजीत

**सूखे पत्तों की खाद बनाने से मृदा की उपजाऊ क्षमता में तेजी से वृद्धि होती है और फसलों में गुणवत्ता वाला उत्पादन होता है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। ग्रीनमैन प्रो .दलजीत अपनी टीम के साथ सूखे पत्ते एकत्र करते हुए। फोटो : हरिभूमि

देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में इको क्लब के अध्यक्ष ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनूठी पहल का शुभारंभ किया। जहां अनेक लोग सूखे पत्तों को जला कर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे है वहीं ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार सूखे पत्तों से ब्राउन ब्लैक गोल्ड नाम से जैविक खाद बनाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रो. दलजीत ने बताया कि सूखे पत्ते जलाने से प्रकृति और मानव जाति के लिए गम्भीर खतरे पैदा हो रहा है जब आप घास फूस और पत्ते जलाते हैं तो हाइड्रोकार्बन, नाइट्रोजन ऑक्साइड, मीथेन,और कार्बन मोनो ऑक्साइड सहित अनेक उत्तेजक पदार्थ हवा में फैलने से अनेक हानिकारक बीमारियां फैलती है। इन सूखे पत्तों की खाद बनाने से मृदा की उपजाऊ क्षमता में तेजी से वृद्धि होती है और फसलों में गुणवत्ता वाला उत्पादन होता है। प्रो. दलजीत ने कहा कि एक अध्ययन में पता चला है कि एक टन पराली (पत्ते) जलाने से लगभग 1460 किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड और 60 किलोग्राम कार्बन मोनोऑक्साइड निकलता है जो वायु प्रदूषण का प्रमुख कारण है। दूसरी तरफ इन सूखे पत्तों की बनी ब्राउन ब्लैक गोल्ड खाद से रोजगार का सृजन भी किया जा सकता है इसकी बनी खाद हजारों रुपये क्विंटन बिकती है और पौधों के लिए जीवन उपयोगी है। इधर, कार्यवाहक प्राचार्या डॉ रितु नेहरा ने कहा कि मुझे खुशी हो रही है कि ग्रीनमैन दलजीत ने इको क्लब के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए वेस्ट को बेस्ट बनाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में शानदार काम कर रहे है। सूखे पत्तों से बनी जैविक खाद को नया नाम ब्राउन ब्लैक गोल्ड देना इस इस जैविक खाद के काम को चरितार्थ करता है। डॉ. तकदीर सिंह, डॉ. दिनेश शर्मा, पालेराम, अनिल माली सहित इको क्लब के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।



पानीपत। एक राष्ट्र एक चुनाव के कुरुक्षेत्र विभाग के संयोजक डॉ. राजवीर आर्य व ईश राणा के साथ शिक्षाविद् व समाजसेवीगण। फोटो : हरिभूमि

# एक राष्ट्र एक चुनाव होने पर ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ **लोकतंत्र को ओर अधिक मजबूत करने हेतु एक राष्ट्र एक चुनाव जरूरी : राणा**

भारत को सन 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव जरूरी है। रोज-रोज चुनाव होने से देश का आर्थिक विकास रुकता है। देश पर अनावश्यक भोज पड़ता है यह शब्द एक राष्ट्र एक चुनाव के कुरुक्षेत्र विभाग के संयोजक डॉ राजवीर आर्य ने जाटल रोड स्थित सेवा भारती के माता चंद्रकांता ट्रस्ट द्वारा संचालित विद्यालय के अध्यापकों तथा प्रबंधन समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहे।

डॉ राजवीर ने कहा की लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ-साथ होने से देश का बहुत सारा धन बचेगा जो देश के विकास कार्यों पर खर्च होगा। वहीं, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एक राष्ट्र एक चुनाव के जिला संयोजक ईश कुमार राणा ने कहा कि लोकतंत्र को और अधिक मजबूत करने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव जरूरी है। ईश कुमार राणा ने आगे कहा रोज-रोज चुनाव होने से लोगों की मतदान के प्रति रुचि कम होती जा रही है जिससे आम आदमी की लोकतंत्र में पूरी भागीदारी नहीं हो पा रही। यदि चुनाव एक साथ होंगे तो मतदान प्रतिशत अधिक होगा और लोकतंत्र में आम जन की भागीदारी होगी।

# पानीपत को स्वच्छ नगर बनाएंगे : विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। पानीपत की सफाई व्यवस्था को लेकर बैठक करते हुए विधायक प्रमोद विज, मेयर कोमल, निगम आयुक्त डॉ पंकज। फोटो :हरिभूमि

विश्व विख्यात ऐतिहासिक व टेक्सटाइल नगरी पानीपत की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु शुक्रवार को पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज और मेयर कोमल सैनी ने निगम आयुक्त डॉ. पंकज यादव के साथ बैठक कर शहर की सफाई सुचारू रूप से करवाने हेतु बैठक की। विधायक प्रमोद विज ने बैठक में कड़क तेवर में निगम आयुक्त और निगम अधिकारियों से शहर मे सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से क्यों नहीं हो रही है एवं सफाई व्यवस्था कब तक ठीक होगी इसका जवाब मांगा है, विज ने कहा अधिकारियों से कूड़ा उठान की व्यवस्था पर भी सवाल किए गए। वहीं, विधायक विज और मेयर कोमल सैनी ने बारिश से पहले सभी नालों की सफाई कराने के आदेश दिए हैं, एवं सफाई को लेकर एक्शन प्लान बनाने का भी आदेश दिया है।

### नालों की सफाई के आदेश दिए

विधायक प्रमोद विज ने बातचीत में बताया कि शहर साफ़ और सुंदर दिखे ये हम सब का कर्तव्य है, मीटिंग में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सफाई व्यवस्था और बेहतर हो एवं अधिकारी सफाई को लेकर अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करें। वहीं विधायक विज, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व मेयर कोमल सैनी भी नालों की सफाई व्यवस्था की स्वयं जांच करेंगे।

# इनेलो हर वर्ग की हितैषी पार्टी : कुलदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत में प्रेस वार्ता करते हुए इनेलो के नेतागण। फोटो : हरिभूमि

इनेलो के जिला अध्यक्ष कुलदीप राठी ने पत्रकार वार्ता करके जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि लखपत रोड को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुरेश करहंस, रामपाल चुलकाना, महावीर नंबरदार, सुभाष मलिक, सत्यवान कालखा, टिंकू कुराड़, सुरेंद्र शर्मा को उपाध्यक्ष, प्रधान महासचिव की जिम्मेदारी सुनीता शर्मा को दी गई। जबकि रणवीर मान, अशोक, राज दहिया, हरपाल, सूरजभान नारा, नरेश मानना, राज सिंह वैसरव ऋषि चुलकाना को महासचिव बनाया गया। सलीम चौधरी को संगठन सचिव, जय सिंह, विजय, राजेश कादियान, हंसराज गोपाल, जसमेर व रामचंद्र को सचिव नियुक्त किया गया है। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी मदन खोजकीपुर को दी गई। मीडिया प्रभारी अमित नारा को बनाया गया है। वहीं कार्यालय सचिव रघबीर मलिक जैन को नियुक्त किया है। इनेलो हर वर्ग की हितैषी पार्टी है। इस अवसर पर इनेलो नेता हेमराज जागलान, शमशेर सिंह देशवाल, राजेंद्र जागलान आदि उपस्थित रहे।

# बेटियों को भी शिक्षित कर विकास के अवसर दें परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



पानीपत। महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल की टॉपर स्नेहा धनखड़ अपनी मां के साथ। फोटो :हरिभूमि

महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल समालखा की छात्रा स्नेहा धनखड़ ने 12 वीं की परीक्षा में 500 में से 470 अंक हासिल कर स्कूल की टॉपर बनी। स्नेहा ने यह सफलता बिना कोचिंग और ट्यूशन के पाई। उसने केवल स्कूल में पढ़ाए गए पाठ्यक्रम को दोहराया। मेहनत और लगन से पढ़ाई की। स्नेहा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया। वहीं, नई अनाज मंडी स्थित स्कूल की प्रिंसिपल अलोना सिंगला और प्रबंधक समिति के प्रधान शिव गर्ग ने स्नेहा को बधाई व उज्वल भविष्य का आशीर्वाछ छहिया। इधर, स्नेहा के पिता कृष्ण धनखड़ ने कहा कि हर परिवार को अपनी बेटियों को शिक्षित कर विकास के अवसर उपलब्ध कराने चाहिए।

# आंखों के रोग की अनदेखी ना करें नागरिक : डा. गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। राजन चावला मेमोरियल डिस्पेंसरी में नागरिकों की आंखों की जांच करती डॉ. स्तुति गर्ग। फोटो : हरिभूमि

श्रीराम सेवा दल द्वारा संचालित राजन चावला मेमोरियल डिस्पेंसरी स्थित श्री राम धर्मशाला बरसत रोड नूरवाला में अर्पणा अस्पताल मधुबन, करनाल के अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.स्तुति गर्ग व उनकी टीम के साथ नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 98 व्यक्तियों की आंखों की जांच की गई। वहीं चार मोतियाबिंद के रोगियों का ऑपरेशन किया जाएगा। नागरिक आंखों के रोग की अनदेखी ना करें।

इस अवसर पर श्री राम सेवा दल के प्रधान हरबंस आनंद, राम स्वरूप चावला, सुंदर लाल वधवा, राकेश आनंद, सुमित वधवा, श्याम सुन्दर ग्रोवर, पायल वधवा, गौरव छोकरा, तिलक राज छोकरा, राजन छोकरा, गुलशन, सुनील, कमल, लाजपत, भीम सचदेवा उपस्थित रहे।

### परीक्षा तिथि में बदलाव

**पानीपत।** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की इग्नू की परीक्षाएं प्रशासनिक कारणों की वजह से दो जून से न होकर 12 जून से संचालित की जाएगी। परिक्षाएं 12 जून से शुरू होकर 19 जुलाई तक चलेंगी। हरियाणा के सभी 42 परीक्षा केंद्रों को इसकी सूचना भिजवा दी गई है।

### ट्रेड यूनियन का धराना 20 को

**समालखा।** अखिल भारतीय स्तर पर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व स्वतंत्र फेडरेशन के सांझा आह्वान पर 20 मई को होने वाली हड़ताल की तारीख बदल दी गई है। अब यह राष्ट्रीय व्यापी हड़ताल 9 जुलाई को होगी। 20 मई को जिला व स्थानीय स्तर पर धरने जुलूस, प्रदर्शन कर देश भर में अपनी मांगों को यथावत बुलन्द किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए एआईयूटीयूसी सचिव हरि प्रकाश ने दी।

### एनएपीडीडीआर योजना लागू की

**पानीपत।** जिला समाज कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डा ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार मादक द्रव्यों के सेवन और मांग में कमी करने के लिए नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग डिमांड एजुकेशन (एनएपीडीडीआर) योजना को लागू कर रही है। यह योजना निवारक शिक्षा, उपचार और पुर्नवास क्षमता निर्माण और समुदाय आधारित हस्तक्षेप जैसे विभिनन घटको के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

### योग से शरीर स्वस्थ्य रहता है

**पानीपत।** योगी पुरुष हमेशा शांत व खुश रहता है। ये शब्द भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति द्वारा आयोजित योग शिविर में लोकमान ने कहे। उन्होंने कहा कि योग ऐसी चीज जिससे हमारे शरीर को ऊर्जा मिलती है और शरीर एकदम फिट रहता है। इस अवसर पर जसमेर सिंह, लोकमान, राम मेहर कौशिक, सुभाष नारंग रामपाल सिंह, वीरेंद्र सिंगला, बलवान शर्मा, सुमन, सुनीता चुघ, सुनीता खुराना, मधु आदि उपस्थित रहे।

### उद्यमी अजय मित्तल को भावभीनी श्रद्धांजलि दी

**समालखा।** समालखा के प्रसिद्ध उद्योगपति अजय मित्तल जोकि लोहिया परिवार से संबंध रखते हैं और समालखा नगर पालिका के पूर्व महिला वाइस चेयरपर्सन के बेटे थे। उनके आकस्मिक निधन पर शुक्रवार को नई अनाज मंडी स्थित वैश्य गर्ल्स कॉलेज के हाल में शोक सभा हुई। जिसमें राजनीतिक, धार्मिक व समाजसेवी संस्थाओं सहित हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और दुखी परिवार के सदस्यों नितिन मित्तल व उनके परिवार के लोगों को सांत्वना देकर उनका हौंसला बढ़ाया।

# भारत का शौर्य है ऑपरेशन सिंदूर: नवीन भाटिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ **सेना का ऑपरेशन सिंदूर हमारे स्वाभिमान, शौर्य और नए भारत का संकल्प है**

भाजपा के वरिष्ठ नेता नवीन भाटिया ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान की आतंकी गतिविधियों पर किए गए प्रहार के लिए भारतीय सेना के पराक्रम को नमन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता ने भारत के राष्ट्रीय संकल्प, सैनिकों की वीरता और भारत सरकार की दृढ़ता को विश्व पटल पर स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के बहादुर सैनिकों ने जिस साहस, निष्ठा और अनुशासन के साथ ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया उसकी हर तरफ सरहाना की जा रही है। उन्होंने कहा कि कहा कि सेना का ऑपरेशन सिंदूर हमारे स्वाभिमान, शौर्य और नए भारत का संकल्प है।



पानीपत। भाजपा नेता नवीन भाटिया तिरंगा लहराते हुए।

### शिक्षक अभ्यास वर्ग सम्पन्न हुआ

**समालखा।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ दिल्ली प्रदेश द्वारा श्री माधव सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र समालखा में आयोजित दो दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग वैचारिक गहराई, संगठनात्मक प्रतिबद्धता और प्रेरक संवादों से परिपूर्ण रहा। राजेश सह प्रांत कार्यवाह दिल्ली राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं महेन्द्र कपूर अखिल भारतीय संगठन मंत्री ने उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रो.गीता भट्ट अखिल भारतीय महामंत्री, पवन कुमार उत्तर क्षेत्र प्रमुख, डॉ.अजय कुमार सिंह, महेन्द्र कपूर, राजेश कुमार पालीवाल अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश ने सेवा नियमों पर विशेष सत्र लेते हुए शिक्षकों को उनके अधिकारों और दायित्वों से परिचित करवाया।

### गर्मी से जनता बेहाल

**पानीपत।** पानीपत में तापमान लगातार बढ़ रहा है। नागरिक गर्मी से बेहाल है। दोपहर के समय गर्मी बढने से सडके सुनसान हो जाती है और लोग अपने घरों में रह कर गर्मी से बचाव करते है। शाम के समय पार्कों में लोगों की अच्छी खासी भीड लगती है। चिकित्सकों का कहना है कि नागरिक गर्मी से अपना बचाव करें।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**अनिल कुमार पुत्र श्री दिवान चन्द पुत्र श्री नानक चन्द निवासी मकान नम्बर 622, न्यू दिवान नगर, पानीपत**

**बनाम**

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि अनिल कुमार पुत्र श्री दिवान चन्द पुत्र श्री नानक चन्द निवासी मकान नम्बर 622, न्यू दिवान नगर, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता श्री दिवान चन्द पुत्र श्री नानक चन्द दिनांक 20.07.2004 को स्वर्गवास हो चुके हैं। प्रार्थी की माता श्रीमती कृष्णावन्ती धर्मपत्नी श्री दिवान चन्द दिनांक 25.10.2023 को स्वर्गवास हो चुकी है। प्रार्थी की दादी श्रीमती सत्या देवी का देहान्त प्रार्थी के पिता से काफी अरसे पहले हो चुका है । मृतक स्वर्गीय दिवान चन्द के देहान्त के बाद उनके निम्न वारिस हैं 1-सुभाष चन्द पुत्र 2- अशोक कुमार पुत्र 3- बीना रानी पुत्री 4- अनिल कुमार पुत्र हैं। श्रीमती सांची तनेजा पार्षद वार्ड नम्बर 24 व लेखराज पटवारी हलका द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसान की तसदीक की है।

इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस/ उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/ उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा ।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 15-05-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

### विद्यार्थियों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई

# समाज के लिए अभिशाप है बाल विवाह : संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक संजय, बाल विवाह के खिलाफ जागरूक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के सहयोगी संगठन एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था द्वारा समालखा के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उग्राखेड़ी तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय काबड़ी में विद्यार्थियों के साथ बाल विवाह कानून, पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम अधिनियम के बारे में प्रशिक्षण देकर उन्हें बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई। इसमें बालविवाह के दुष्परिणामों तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में विस्तार से बताया गया। वहीं, सरंक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा जागरूकता फैलाकर ही इस समस्या से निपटा जा सकता है। इसके लिए पुजारियों, बैंक्वेट हाल मालिकों, हलवाई, टैंट वालों, प्रिंटिंग प्रेस वालों, डेकोरेटर्स सभी को समझाया जा रहा है कि लड़की और लड़के की उम्र जांचकर ही शादी करवाएं। उन्होंने बताया कि जागरूकता के परिणामस्वरूप बाल विवाह के केसों में कमी आई है और लड़कियों व लोग खुलकर रिपोर्ट करा रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद अभी भी बहुत काम करना बाकी है। इधर, एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक संजय कुमार ने बताया कि बाल विवाह न केवल लड़कियों के शिक्षा, स्वास्थ्य व सुरक्षा के अधिकार का हनन है बल्कि मानवता और समाज व देश के खिलाफ भी एक गंभीर अपराध है। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार यह केवल कानून एवं व्यवस्था का ही मसला नहीं है बल्कि यह एक गंभीर सामाजिक समस्या है। ऐसे में बाल विवाह के खिलाफ लगातार जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है; तभी लड़कियां अपने बचपन को अपने इच्छा अनुसार जी पाएगी। एमडीडी से सामुदायिक कार्यकर्ता दीपिका, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रिंसिपल समालखा से प्रिंसिपल दुर्गा देवी, उग्राखेड़ी प्रिंसिपल सुरेंद्र कादयान और काबड़ी से प्रिंसिपल नरेश अत्री ने कहा कि बाल विवाह के विरूद्ध समाज के हर वर्ग को जागरूक करने में वे और उनका साथी स्टाफ हर संभव सहयोग करेंगे।

## खबर संक्षेप

### सीएम कर रहे हैं शिविरों की मॉनिटरिंग

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा आमजन की समस्याओं के प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान के उद्देश्य से समाधान शिविरों की शुरुआत की गई है। विशेष बात यह है कि मुख्यमंत्री द्वारा इन शिविरों की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही हैं। उपायुक्त शुक्रवार को अपने कार्यालय मे समाधान शिविर से जुड़े अधिकारियों की मीटिंग ले रहे थे। इससे पहले परिवहन विभाग के आयुक्त एवं सचिव टीएल सत्यप्रकाश ने वीसी के माध्यम से सभी उपायुक्तों के साथ बैठक की।

### 65 महिलाओं ने की हिस्सेदारी

**अंबाला।** जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ शशिकांत शर्मा के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सौजन्य से गांव बाडा में डेंगू दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डेंगू जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल योग सत्र से हुई, जिसमें ग्राम बाडा और आसपास के क्षेत्रों की 65 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया।

### स्वास्थ्य संस्थाओं ने डेंगू डे मनाया

**अंबाला।** नेशनल डेंगू डे के उपलक्ष्य में सिविल सर्जन के दिशा निर्देश अनुसार जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं द्वारा नेशनल डेंगू डे मनाया गया। जिसमें लोगों को डेंगू के लारवा एवं मच्छरों की रोकथाम बारे विस्तार से चर्चा की गई। सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल द्वारा बताया गया कि हरियाणा राज्य में वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव के लिए एपिडेमिक बीमारी एक्ट 1897 लागू है। इसके तहत सभी प्राइवेट अस्पतालों एवं लैब द्वारा मलेरिया, डेंगू, जापानी बुखार, चिकुनगुनिया के पॉजिटिव केस की सूचना सिविल सर्जन को दी जानी जरूरी है।

### चोरी का प्रयास करने पर आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने आरोपी रजत को गिरफ्तार किया है। बोह गांव के ऋषिपाल ने 14 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी रजत ने सैनिक कॉलोनी माजरा रोड बोह में स्थित उसके रिश्तेदार के मकान में चोरी करने का प्रयास किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को काबू किया है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी दीपक उर्फ मंगल को गिरफ्तार किया है। परिवादी भगत नाथ ने 19 अगस्त 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 20/21 जुलाई 2024 की रात्रि आरोपी मंगल ने मंदिर से नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

# भारत की पाकिस्तान पर युद्ध में जीत का जश्न मनाएगी भारतीय जनता पार्टी

## 18 को सड़कों पर निकलेगी तिरंगा यात्रा, परिवहन मंत्री विज बोले-राजकीय कॉलेज से प्रातः 10 बजे शुरू होगी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸। अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि भारत की पाकिस्तान पर युद्ध में जीत का जश्न अंबाला छावनी में पूरे जोश के साथ तिरंगा यात्रा निकालकर मनाया जाएगा। यह यात्रा 18 मई रविवार को प्रातः 10 बजे अंबाला छावनी के राजकीय कॉलेज से प्रारंभ होगी। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए सभी को निमंत्रण पत्र भी बांटे जाएंगे। उन्होंने कहा कि अम्बाला छावनी सैन्य छावनी है और यहां के निवासियों में पूरा जोश है। तिरंगा यात्रा पूर्व सैनिक व सभी शामिल होंगे जिससे सैनिकों का मनोबल बढ़ेगा।

**खास बातें**

- धार्मिक, सामाजिक, शिक्षण व अन्य संस्थाओं को भी दिया गया निमंत्रण
- पूर्व सैनिक व सभी शामिल होंगे जिससे सैनिकों का मनोबल बढ़ेगा

### भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विज



अंबाला। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मंत्री अनिल विज।

### तीन दिन में ही पाक की 13वीं हो गई

विज गत दोपहर को ग्रेस पैलेस में तिरंगा यात्रा आयोजन को लेकर बड़ी संख्या में मौजूद लोगों व भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा देश भक्ति की भावना को लेकर सर्व समाज के साथ निकाली जा रही है। यात्रा में शामिल होने के लिए उन्होंने लोगों/कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह घर-घर जाकर निमंत्रण दें तथा विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, शिक्षण व अन्य संस्थाओं को भी निमंत्रण दिया जाए। उन्होंने कहा कि गत दिनों पाकिस्तान ने कश्मीर के पहलगाम में कायराना हरकत की थी उस पर हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पाकिस्तान को सबक सिखाने, आतंकी अड्डों को खत्म करने के लिए युद्ध लड़ा गया और तीन दिन में ही पाकिस्तान की 13वीं हो गई।

### राजकीय कालेज में यात्रा संपन्न होगी

भारत ने अनेकों आतंकवादियों के ठिकाने पाकिस्तान में तबाह किए, 100 के लगभग आतंकी मारे गए। कई हवाई अड्डे नष्ट किए गए। सारे देश में इस जीत को लेकर खुशी का माहौल है। लोग अपनी खुशी का इजहार तिरंगा यात्रा निकालकर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के हर शहर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है और हम चाहते हैं कि हम भी अपने शहर में सैनिकों का सम्मान करने के लिए एक अच्छी तिरंगा यात्रा निकाले। विज ने कहा कि यात्रा के लिए आम लोगों, शहर की शिक्षण, धार्मिक, सामाजिक एवं अन्य संस्थाओं को निमंत्रण दिया जाएगा ताकि इसमें सभी मिलकर इस जीत के जश्न को मनाएं। यह यात्रा रविवार को सुबह 10 बजे राजकीय कालेज से शुरू होकर कबाड़ी बाजार, सब्जी मंडी, सदर बाजार, निशात रोड से होते हुए राजकीय कालेज में यात्रा संपन्न होगी।

### शामिल होने का किया आह्वान

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह अधिक से अधिक लोगों को यात्रा में शामिल होने का आह्वान करें ताकि देश की सेनाओं का मनोबल सदा ऊंचा रहे। नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, भाजपा नेता कपिल विज, जसबीर सिंह जस्सी, बलविंद्र शाहपुर, ओम सहगल, सोम चोपड़ा, सुरिंदर बिंद्रा, मदन लाल शर्मा, सुरिंदर बिंद्रा, राजीव गुप्ता, किरण पाल चौहान, रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, विकास बेहगल, प्रवेश शर्मा, आशीष अग्रवाल, संजीव सोनी, बीएस बिंद्रा, अजय बवेजा, रामबाबू यादव, भारत कोछड़, पुनीत सिरपाल, फ़कीर चंद, बलित नागपाल, तरविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

## आईएएस डॉ. बलप्रीत सिंह ने 7 मई को संभाली थी कमिश्नर की जिम्मेदारी

# सात दिन में ही निगम कमिश्नर का ट्रांसफर चार साल में दस कमिश्नर बदले जा चुके

- 7 मई को ही 2019 बैच के आईएएस अधिकारी डॉ. बलप्रीत सिंह को अंबाला शहर नगर निगम कमिश्नर के साथ जिला नगरपालिका आयुक्त का चार्ज भी दिया गया था

हरिभूमि न्यूज ▸▸। अंबाला

सात दिन पहले ही आईएएस डॉ.बलप्रीत सिंह ने अंबाला शहर नगर निगम में तौर कमिश्नर चार्ज संभाला था। अभी उन्होंने सही ढंग से काम भी शुरू नहीं किया था कि उनका अब तबादला कर दिया गया। उनकी जगह पूर्व में कमिश्नर रहे आईएएस वीरेंद्र लाठर को फिर से जिम्मेदारी दी गई है। नगर निगम में पिछले चार वर्षों में एक या दो बार नहीं बल्कि 10 बार नगर निगम कमिश्नर बदले जा चुके हैं।

7 मई को ही प्रदेश सरकार द्वारा 2019 बैच के आईएएस अधिकारी डॉ. बलप्रीत सिंह को अंबाला शहर नगर निगम कमिश्नर के साथ जिला नगरपालिका आयुक्त का चार्ज भी दिया गया था। 15 मई शाम को राज्य सरकार की ओर से डॉ. बलप्रीत सिंह की जगह 2014 बैच के आईएएस वीरेंद्र लाठर को नगर निगम का नया आयुक्त नियुक्त कर दिया। सरकार की ओर से डॉ. बलप्रीत को हरियाणा खादी एवं ग्रामीण इंडस्ट्रीज बोर्ड का चीफ एग्जिक्यूटिव के साथ साथ निदेशक, अभिलेखागार विभाग तैनात किया गया है। नगर निगम के नए तैनात किए गए कमिश्नर वीरेंद्र लाठर 3 वर्ष पूर्व फरवरी 2022 से अगस्त, 2022 तक भी बतौर नगर निगम कमिश्नर सेवाएं दे चुके हैं। पिछले चार वर्षों में अर्थात जून 2021 से अब तक एक या दो बार नहीं बल्कि कुल 10 बार अंबाला नगर निगम के कमिश्नर के पद पर तैनात अधिकारियों का तबादला किया गया है।

### अंबाला नगर निगम कार्यालय





### ऐसा शुरू हुआ ट्रांसफर का खेल

जून 2021 में 2013 बैच के आईएएस पार्थ गुप्ता को अंबाला नगर निगम के तत्कालीन कमिश्नर पद से बदलकर उनके स्थान पर 2012 बैच के आईएएस धीरेंद्र खड़गटा को तैनात किया गया था। वे फरवरी, 2022 तक इस पद पर रहे। इसके बाद 2014 बैच के आईएएस वीरेंद्र लाठर को तैनात किया जो अगस्त 2022 तक इस पद रहे। लाठर के बाद 2015 बैच की महिला आईएएस नेहा सिंह को नगर निगम अंबाला का आयुक्त तैनात किया गया जो दिसंबर 2022 तक कमिश्नर रही। इसके बाद 2015 के आईएएस प्रशांत पंवार को निगम कमिश्नर तैनात किया गया। उनके बाद अप्रैल 2022 में 2011 बैच की महिला आईएएस अंजू चौधरी को तैनात किया गया जो सितम्बर 2023 तक कार्यरत रही। इसके बाद 2013 बैच की महिला आईएएस डॉ. संगीता तेतरवाल को नगर निगम का कमिश्नर तैनात किया गया। वे अगस्त 2024 तक इस पद पर रही। इसके बाद 2012 बैच के आईएएस आरके सिंह को तैनात किया गया जो नवंबर 2024 तक कमिश्नर रहे। इसके बाद 2018 बैच के आईएएस सचिन गुप्ता को तैनात किया गया। उनके बाद इसी माह 7 मई को 2019 बैच के आईएएस डॉ. बलप्रीत सिंह को कमिश्नर की जिम्मेदारी दी गई।

### तीन साल का होता है कार्यकाल

हरियाणा म्यूनिसिपल एक्ट के जानकार एडवोकेट हेमंत कुमार ने बताया कि हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 की मौजूदा धारा 45(1) में स्पष्ट तौर पर उल्लेख है कि राज्य सरकार द्वारा राजपत्र (गजट) में अधिसूचना द्वारा किसी उपयुक्त अधिकारी की नगर निगम कमिश्नर के रूप में नियुक्ति की जाएगी। इस धारा में यह भी उल्लेख है कि सामान्य परिस्थितियों में नगर निगम कमिश्नर का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा जिसे राज्य सरकार द्वारा अधिकतम तीन वर्ष की अवधि के लिए और भी बढ़ाया जा सकता है। हालांकि राज्य सरकार किसी अधिकारी को तीन वर्ष के कार्यकाल से पहले ही वापिस बुला सकती है। एडवोकेट हेमंत ने बताया कि हरियाणा नगर निगम कानून के मूल धारा 45(1) में हालांकि यह प्रावधान था कि केवल 5 वर्ष की सेवा वाला आईएएस अधिकारी ही नगर निगम कमिश्नर तैनात किया जा सकता है। परंतु अगस्त, 2015 में राज्य सरकार ने एचसीएस कैप्टन शक्ति सिंह को निगम कमिश्नर घोषित कर दिया था। तब सरकार के इस फैसले को पूर्व मेयर रमेश मल ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। बाद में राज्य सरकार ने उक्त धारा में कानूनी संशोधन कर नगर निगम कमिश्नर पद के लिए उपरोक्त अनिवार्यता समाप्त कर दी गई थी। यह प्रावधान कर दिया गया कि नगर निगम कमिश्नर पद पर राज्य सरकार उपयुक्त अधिकारी को नियुक्त कर सकती है। इसका अर्थ है कि सरकार न केवल आईएएस या एचसीएस बल्कि प्रदेश सरकार किसी भी उपयुक्त अधिकारी को कानूनन नगर निगम कमिश्नर तैनात कर सकती है। हालांकि नियुक्ति को लेकर सरकार की ओर से गजट नोटिफिकेशन प्रकाशित करना अनिवार्य है।




## एसडी कॉलेज में प्रो. मोंगा ने न्यू एजुकेशन पॉलिसी पर दिया इंटरेक्टिव लेक्चर

- पंजाब यूनिवर्सिटी ने अब तक 166 एमडीसी, 151 एसईसी और 156 वीएसी कोर्सेज डेवलप किए

**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में शुक्रवार को न्यू एजुकेशन पॉलिसी पर लेक्चर का आयोजन किया गया। पंजाब यूनिवर्सिटी के एनईपी सैल कोआर्डिनेटर प्रोफेसर डॉ. अनिल मोंगा ने न्यू एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) 2020 पर एक इंटरैक्टिव लेक्चर दिया। डॉ. मोंगा यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इमर्जिंग एरियाज इन सोशल साइंसेज में सेंटर फॉर पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन में प्रोफेसर और अध्यक्ष भी हैं। एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् और प्रशासक के रूप में, डॉ. मोंगा ने पॉलिसी के इनोवेटिव एलिमेंट्स पर प्रकाश डाला, जिसमें समग्र शिक्षा, फ्लैक्सेबिलिटी, टेक्नोलॉजी इंटीग्रेशन, लोकल लैंग्वेज पर जोर और भारत की संस्कृति और विरासत के बारे में छात्रों को संवेदनशील बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने बताया कि कुरिकुलम और क्रेडिट फ्रेमवर्क दो-स्ट्रीम विकल्प प्रदान करता है, जो छात्रों को दो स्ट्रीम में से चुनने में सक्षम बनाता है जो एक-दूसरे के पूरक हैं, जिससे छात्रों को मल्टीडिसिप्लनरी कोर्सेज, स्किल एनहान्समेंट कोर्सेज और वैल्यू-एडेड कोर्सेज चुनने में मदद मिलती है। पंजाब यूनिवर्सिटी ने अब तक 166 एमडीसी, 151 एसईसी और 156 वीएसी कोर्सेज डेवलप किए हैं। एनईपी को उसकी वास्तविक भावना के साथ अपनाने के लिए सावधानीपूर्वक योजना और कार्यान्वयन की आवश्यकता है। इसके साथ आने वाली चुनौतियों में हर छात्र के लिए इंटर्नशिप की व्यवस्था करना और सीखने-केंद्रित शैक्षणिक दृष्टिकोण अपनाना शामिल है।

### पीर की मजार हटवाने के लिए हिंदू संगठन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अंबाला।** पीर की मजार के अवैध निर्माण को हटवाने के लिए शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के संगठनों ने मिलकर एसडीएम दर्शन कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पहुंचे एडवोकेट संदीप सचदेवा ने कहा कि पंचायत भवन के सामने जो अवैध मजार का निर्माण किया गया है उसके एक हिस्से को प्रशासन ने पहले ही हटवा दिया है। जबकि दूसरे हिस्से के लिए मजार के लोगों ने कोर्ट का हवाला दिया था। अब यह मामला कोर्ट में खारिज कर दिया गया है इसके बाद प्रशासन जल्द ही इसे हटाएगा। उन्होंने कहा कि शहर में इस मजार के अलावा जितनी भी अवैध मजार बनी हुई हैं, उन पर भी जल्द कार्रवाई को लेकर संगठन रणनीति बनाएगा।

## मांगों को लेकर सफाई कर्मियों ने जताया रोष

- सरकार सीवर और सफाई के ठेके को रद करे और सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸। अंबाला

लंबित मांगों को लेकर एक बार फिर नगर परिषद के सफाई कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठे गए हैं। भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों का कहना है कि सरकार के आश्वासन के बाद भी लंबित मांगों पर बनी सहमति को लेकर अधिसूचना जारी नहीं की जा रही है। ऐसे में सफाई कर्मचारियों का मनोबल टूट रहा है। नगर पालिका कर्मचारी संघ अंबाला के प्रधान सेवाराम बोहत ने बताया कि सरकार तुरंत प्रभाव से सीवर और सफाई के ठेके को रद करे और सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। इसके अलावा नगर निगम गुरुग्राम के बर्खास्त किए गए 26 कर्मचारियों को बहाल करके उन्हें वेतन जारी किया जाए। वहीं जोखिम भत्ते के तौर पर पांच हजार रुपये और कच्चे कर्मचारियों की सेवानिवृति होने पर 10 लाख रुपये व उपहार देने का प्रावधान किया जाए।

### भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारी




अंबाला। लंबित मांगों को लेकर एक बार फिर नगर परिषद के सफाई कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठे। फोटोः हरिभूमि

### राजकुमार हरियाणा रोडवेज स्वतंत्र कर्मचारी यूनियन के करनाल डिपो प्रधान बने

**करनाल।** हरियाणा रोडवेज स्वतंत्र कर्मचारी यूनियन करनाल डिपो की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। मानव सेवा संघ के सभागार में आयोजित मीटिंग में चर्चा के बाद पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई। मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व राज्य प्रधान बलवंत सिंह ने शिरकत की। मीटिंग का संचालन महासचिव संदीप बौद्ध ने किया। राज्य सचिव गुरदास सिरोही और राज्य कैशियर विजय कुमार विशेष रूप से पहुंचे। करनाल डिपो कार्यकारिणी में राजकुमार को डिपो प्रधान की जिम्मेदारी दी गई। डिपो सचिव संदीप सरोहा व कोषाध्यक्ष सतीश मंजूरा को चुना गया। वरिष्ठ उप प्रधान गुलाब सिंह, उप प्रधान कृष्ण कुमार, उप प्रधान नफे सिंह, चेयरमैन मेहर सिंह पवार, ऑडिटर सुनील कुमार, प्रेस सचिव मुकेश कुमार, संगठन सचिव संजीव सरपंच, मुख्य सलाहकार संजीव बस्सी, सलाहकार सुरजीत कुमार, सह सचिव राजेंद्र बाहरी, सलाहकार चालक प्रवीण बरसत व सलाहकार मनोज कुमार को बनाया गया। बलवंत सिंह ने सभी चुने गए पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

# विवादित बयान देने वाले डिप्टी सीएम व मंत्री से इस्तीफा ले भाजपा: जैन

हरिभूमि न्यूज ▸▸। अंबाला



मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा द्वारा सेना पर दिए ब्यान पर बवाल हो गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष, एडवोकेट रोहित जैन ने देवड़ा के इस बयान पर कडा ऐतराज जताया। जैन ने कहा कि भाजपा ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देने वाली भारतीय सेना के पराक्रम पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा की देवड़ा ने सेना को लेकर कहा कि वो प्रधानमंत्री के चरणों मे नतमस्तक है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा का यह ब्यान सेना के शौर्य व पराक्रम का घोर अपमान है। उन्होंने कहा की भाजपा नेताओं के ऐसे ब्यानों से देश की सेना का मनोबल गिर रहा है। सत्ता के नशे में भाजपा व इसके नेता नरंकुश हो गए हैं। इसी वजह से ये सेना के खिलाफ लगातार आपत्तिजनक ब्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा की इससे पहले मध्य प्रदेश सरकार मे मंत्री विजय शाह ने भी भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरेशी पर अपमानजनक ब्यान दिया था। तब शाह ने कहा था कि जिन लोगों ने हमारी बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था मोदी जी ने उन्ही की बहन को भेजकर उनकी ऐसी की तैसी करवा दी। पूर्व प्रधान जैन ने कहा कि सेना के पराक्रम पर भाजपा के नेता सियासी फायदा लेने की कोशिश कर रहे हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**दिक्कत** नपा को शिकायत देने के बावजूद नहीं हो पाई कार्रवाई, अब सीएम विंडो पर लगाई गुहार

# प्रीत नगर इलाके में गंदे पानी की निकासी नहीं होने पर मोहल्ले के लोग परेशान

*मक्खी और मच्छरों के बढ़ने से बीमारी का भय सता रहा*

हरिभूमि न्यूज ▸▸। बराड़ा

यहां के प्रीत नगर इलाके में गंदे पानी की निकासी न होने से मोहल्ले के लोग परेशान है। नाले के गंदे पानी की निकासी बाधित होने के चलते मोहल्ले के घरों, गलियों और नालियों में पानी भर गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कुछ शरारती तत्वों ने जानबूझकर नाले को बंद कर दिया है, जिससे पूरे मोहल्ले में जलभराव की स्थिति बन गई है। प्रीत नगर के साहब सिंह, अमराव सिंह और राजकुमार पुत्र सतपाल ने बताया कि पहले गंदे पानी की निकासी अंडरग्राउंड नाले के माध्यम से सुचारु रूप से हो रही थी, लेकिन पिछले कुछ दिनों से कुछ लोगों ने नाले में जानबूझकर मिट्टी डालकर इसे बंद कर दिया है। जिस कारण न केवल रास्ते और गलियां गंदे पानी से जलमग्न हो गयी है, बल्कि नाले का गंदा पानी लोगों के घरों के भीतर तक पहुंच गया है।



बराड़ा। घरों में घुसे गंदे पानी को दिखाते हुए स्थानीय नागरिक।

### पानी की निकासी नहीं

स्थानीय लोगों ने कहा कि नाले के पानी की निकासी न होने के कारण उमराव सिंह की नर्सरी जो रिहायशी क्षेत्र से सटी हुई है उसमें भी पानी भर गया है, जिससे पेड़-पौधे पानी की अधिकता की वजह से गलने लगे हैं। पानी के फैलने से सभी वार्डवासी बदबू, मक्खी-मच्छरों और बीमारी के खतरे से बेहद परेशान हैं। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर वे कई बार नगर पालिका कार्यालय जा चुके हैं और समस्या हल करने की शिकायत भी दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जय कुमार, विजय कुमार, चेतन सिंह सहित अन्य नागरिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष रजत मलिक से मांग की है कि सरकारी स्कूल के पीछे के पूरे क्षेत्र की जलनिकासी व्यवस्था तुरंत सुधारी जाए। लोगों को नारकीय स्थिति में जीना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने अब सीएम विंडो पर शिकायत देकर गंदे पानी की समस्या को हल करने की गुहार लगाई है।

### बंद नाले को खोल दिया जाएगा

नाले के बंद होने के कारण घरों में पानी घुसने की शिकायत संज्ञान में आ चुकी है। जेसीबी के माध्यम से खुदाई करवाकर गंदे पानी की निकासी को सुचारु किया जाएगा।
-**रजत मलिक**, चेयरमैन, नगर पालिका, बराड़ा